प्रोग्राम ध्रुव

drishtiias.com/hindi/printpdf/programme-dhruv

प्रीलिम्स के लिये:

ध्रुव पहल

मेन्स के लिये:

कौशल शिक्षा हेतु की गई पहलें

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नवीन शिक्षण कार्यक्रम- ध्रुव (Pradhan Mantri Innovative Learning Programme- 'DHRUV) का शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री नवीन शिक्षण कार्यक्रम- ध्रुव

- इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को चिह्नित कर उन्हें देश भर के उत्कृष्ट केंद्रों में प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा परामर्श और शिक्षा प्रदान कर उनकी क्षमता का विकास करना है।
    - इससे छात्र अपनी पसंद के क्षेत्रों में उच्चतम स्तर तक पहुँच सकेंगे।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी क्षमता का एहसास कराना और उन्हे समाज के लिये योगदान देने हेतु प्रेरित करना है।

प्रमुख बिंदु

- इस कार्यक्रम का नाम 'ध्रुव' तारे के नाम पर 'ध्रुव' रखा गया है और प्रत्येक चयनित छात्र 'ध्रुव तारा' कहलाएगा।
- इस कार्यक्रम में दो क्षेत्र-विज्ञान और कला प्रदर्शन शामिल हैं। इसमें कुल 60 छात्र होंगे, जिसमें से प्रत्येक क्षेत्र में 30 छात्र होंगे।
- छात्रों का चयन सरकारी और निजी स्कूलों की 9वीं से 12वीं कक्षा तक के छात्रों में से किया जाएगा।
- यह कार्यक्रम का पहला चरण है जिसका धीरे-धीरे अन्य क्षेत्रों जैसे- रचनात्मक लेखन आदि में विस्तार किया जाएगा।

स्रोत: PIB